कोटद्वार, मंगलवार
25 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 62 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मौसम बदलने से घटी चारधाम यात्रियों की संख्या

ऋषिकेश। मौसम में बदलाव आने और बारिश का सिलसिला शुरू होने के साथ ही चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की आमद में घटने लगी है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के तेजी से गिरते आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। दो सप्ताह पहले रोजाना का निर्धारित चार हजार पंजीकरण का स्लॉट भी यात्रियों के लिए कम पड़ रहा था। लेकिन अब यह सीमा खत्म होने के बावजूद प्रतिदिन करीब दो हजार यात्री ही रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। सोमवार को चारधाम पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैंप स्थित पंजीकरण काउंटर पर यात्रियों की बेहद कम भीड़ दिखी। सुबह सात से लेकर शाम सात बजे तक महज दो हजार यात्रियों ने ही धामों के दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। दोपहर में तीन–चार यात्री ही काउंटर पर रजिस्ट्रेशन के लिए खड़े नजर आए। यात्रियों की संख्या में आई गिरावट की वजह उत्तराखंड में प्री–मानसून और इसके बाद मानसून का माना जा रहा है। अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि यात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में पंजीकरण से लेकर तमाम आवश्यक सुविधाएं हैं। धामों में भी यात्रियों की भीड़ सामान्य है, जिसके चलते रोजाना की निर्धारित सीमा को खत्म करने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है।

### मानसून को लेकर यूपीसीएल मुख्यालय में बना कंट्रोल रूम

देहरादून। मानसून में किसी भी तरह की समस्या से निपटने को यूपीसीएल मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने सभी अफसरों को अपने अपने मुख्यालय में ही तैनात रहने के निर्देश दिए। बारिश में करंट लगने से होने वाली संभावित घटनाओं को रोकने पर जोर दिया। एमडी यूपीसीएल ने कहा कि 33 केवी, 11 केवी, एलटी लाइनों की जांच पड़ताल से लेकर अर्थिंग की भी जांच पड़ताल पूरी किए जाने के निर्देश दिए। साफ किया कि बारिश से पहले ही मरम्मत से जुड़े सभी काम पूरे कर लिए जाएं। इसमें झूलते तारों को ठीक किया जाए। टेढ़े बिजली पोलों को सीधा किया जाए। सड़े गले बिजली पोलों को बदला जाए। मरम्मत कार्यों के साथ ही ट्रांसफार्मर के आस पास की झाड़ियों को साफ कर लिया जाए। खासतौर पर तारबाड़ का काम पूरा कर लिया जाए। ताकि दुर्घटना के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। किसी भी तरह की स्थिति में तत्काल काम शुरू किए जाने को सेंटर स्टोर में बिजली के पोल, केबिल, ट्रांसफार्मर, कंडक्टर, विकेन्द्रीयकृत सामग्री की व्यवस्था कर ली जाए। सामान नजदीक के सब स्टेशनों में उपलब्ध कराया जाए। अधिक बारिश से जगह जगह पानी भरने से किसी भी प्रकार की अप्रिय बिजली दुर्घटना से बचने को सभी कर्मचारी, अधिकारी सुरक्षा के नियमों का प्राथमिकता के आधार पर पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

### घर के टॉयलेट में मिला बुजुर्ग महिला का शव

ऋषिकेश। शहर में अपर गंगानगर स्थित एक घर के टॉयलेट में बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि अपर गंगानगर गली नंबर 13 के एक तीन मंजिला मकान से लगातार बदबू आ रही है।

सूचना मिलते ही फौरन पुलिस मौके पर पहुंची। संबंधित घर की तलाशी में पुलिस को मानसिक रूप से कमजोर एक युवक मिला। टॉयलेट में युवक की बुजुर्ग मां का शव भी बरामद हुआ। महिला की पहचान 70 वर्षीय विमलेश देवी के रूप में हुई।

### महिला ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या की

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के पृथ्वीपुर में एक महिला ने चुन्नी के सहारे फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस कारणों की जांच कर रही है। कोतवाल राजेश शाह ने बताया कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पृथ्वीपुर में एक महिला ने आत्महत्या कर ली।

# पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा काम करने का किया वादा

### 18वीं लोकसभा का सत्र शुरू, पीएम मोदी ने ली सांसद पद की शपथ, बोले–देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी

नई दिल्ली , 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद अन्य सांसद शपथ ले रहे हैं। सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे क्रू मोदी ने कहा– देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है। संसद में आज और कल नए सांसद शपथ लेंगे। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तुहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। दूसरी ओर, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने प्रोटेम स्पीकर का विरोध किया है। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने नियमों को दरकिनार कर भर्तुहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे 7 बार के सांसद हैं, जबकि कांग्रेस के के. सुरेश 8 बार के सांसद हैं। नियमों के अनुसार, कांग्रेस सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था।

### इमरजेंसी को बताया लोकतंत्र पर काला धब्बा

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में सबको साथ लेकर चलते हुए तीन गुणा काम करना चाहती है। उन्होंने देश में 50 साल पहले लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए उसे लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया।पीएम मोदी ने यहां संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है, लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हर किसी की सहमति के साथ, हर किसी को साथ लेकर मां भारती की सेवा करें, 140 करोड़ देशवासियों की आशा–आकांक्षाओं को परिपूर्ण करें।

प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा, कल 25 जून है। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, कल उसके 50 साल हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। संविधान के चिथड़े–चिथड़े उड़ा दिये गये थे। देश को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा जो 50 साल पहले की गई थी। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने 60 साल बाद किसी सरकार को तीसरी बार मौका दिया है। यह सरकार की नीयत और नीतियों, जनता के प्रति सरकार के समर्पण भाव पर जनता जनार्दन की मुहर है।

## खाई में गिरी बाइक, दो लोगों की मौत

उत्तरकाशी : गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को गंगनानी के पास एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों व्यक्तियों के शवों को बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला अस्पताल ले आई। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर को मध्य प्रदेश और गुजरात निवासी दो लोग एक बाइक पर सवार होकर गंगोत्री धाम की यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान गंगनानी डीएम स्लाइड के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और 150 मीटर नीचे भागीरथी नदी के तट पर जा गिरी। इस दुर्घटना में आशीष मिश्रा पुत्र अम्बिका प्रसाद मिश्रा, उम्र 47 वर्ष, निवासी पारसी मोहला इन्दौर, मध्य प्रदेश तथा कचाडिया मीत पुत्र अश्विन भाई, उम्र 26 वर्ष, निवासी सूरत, गुजरात की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू कर शवों को गहरी खाई से निकाला और पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। (एजेंसी)

## नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीसरी याचिका पर जारी किया नोटिस

**–कहा–नहीं है कोई जल्दबाजी**

नईदिल्ली, मेडिकल छात्रों के विरोध प्रदर्शन और नेताओं की बयानबाजी के बीच नीट–यूजी पेपर लीक मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। सोमवार को वकील जेम्स नेदुम्परा ने नीट–यूजी मामले को सुप्रीम कोर्ट में उठाया। जेम्स नेदुम्परा ने नीट–यूजी 2024 पेपर लीक मामले से जुड़ी तीन याचिकाओं का उल्लेख कोर्ट परिसर में किया। इन तीन याचिकाओं में नीट पेपर लीक मामले में हुई धोखाधड़ी , सीबीआई जांच की मांग और ईडी और सीबीआई को इस मामले में पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने तीसरी याचिका में नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है। मामले की जांच को आगे बढ़ने दें। साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 8 जुलाई को की जाएगी। सोमवार को नीट परीक्षा विवाद मामले में राजस्थान हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने एनडीए और केंद्र सरकार से जवाब मांगा। हाईकोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को इस मामले की सुनवाई होगी। ऐसे में उसके बाद 10 जुलाई को अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए रखा है। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा रद्द करने की कोर्ट से गुहार लगाई थी। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रविवार को नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच अपने हाथ में ले ली है। इस मामले की जांच के लिए अपनी टीमें कई राज्यों में भेज दीं हैं। इस पूरे मामले में कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

## कांवड़ मेले को लेकर पुलिस की तैयारियां शुरू

**कांवड़ मेले के लिए इंटर स्टेट बैरियरों पर लगेंगे सीसीटीवी**

देहरादून। कांवड़ मेले को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा के लिए हरिद्वार,पौड़ी,टिहरी और देहरादून के सभी इंटर स्टेट बार्डर चेकपोस्टों पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी बस व रेलवे स्टेशनों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे।

सोमवार को एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने पुलिस और रेलवे के अधिकारियों की बैठक में ये निर्देश दिए। एडीजी ने निर्देश दिए कि इन चारों जिलों में कांवड़ के लिए लगने वाले पुलिस बल का आंकलन कर समय से जरूरत भेज दी जाए। इसके अलावा उन्होंने पूरे कांवड़ मेला क्षेत्र को जोन, सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा करने को भी कहा। कावंड़ मेले के दौरान पूर्व में घटित हुई घटनाओं और यातायात की समस्याओं का अवलोकन कर उनके निराकरण के लिए उपाय करने की भी बात एडीजी ने कही। उन्होंने पूर्व में कांवड़ मेले के बोटलनेक्स प्वाइंट पर नियुक्त अधिकारियों का भी फीडबैक लेकर वहां सुरक्षा व यातायात व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए विशेष रुप से कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील कस्बों व मौहल्लों और ग्रामों में विशेष सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिए।

### 1 जुलाई से बदल जाएगा क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट का तरीका, लागू होंगे आरबीआई के नए नियम

नई दिल्ली , जून का महीना खत्म होने में महज कुछ ही दिन बचे हैं इसके बाद जुलाई का महीना शुरू हो जाएगा। जुलाई महीना शुरू होते ही क्रेडिट कार्ड से बिल पेमेंट करने वाले लोगों के लिए बड़े अपडेट आ रहे हैं। 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को लेकर आरबीआई के कुछ नियम लागू होने वाले हैं जिनका सीधा असर उन लोगों पर पड़ेगा जो क्रेडिट कार्ड के जरिए बिल पेमेंट का इस्तेमाल करते हैं। इसका मकसद पेमेंट के प्रोसेस को सुव्यवस्थित करना और इसकी सुरक्षा बढ़ाना है। कुछ प्लेटफॉर्म के जरिये क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट में मुश्किल हो सकती है। इनमें क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ प्रमुख फिनटेक शामिल हैं। दरअसल रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देश दिए हैं कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए से प्रोसेस की जानी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अभी तक एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने बीबीपीएस एक्टिवेट नहीं किया है। वहीं इन बैंकों ने अभी तक निर्देशों का पालन भी नहीं किया है।

## जाली प्रमाण-पत्रों के मामलों में होगी कड़ी कार्यवाही : सीएस

**● आम जनता के लिए जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया अत्यन्त सरल बनाने के दिए निर्देश**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जाली प्रमाण-पत्रों के मामलों में कड़ी कार्यवाही करने, आम जनता के लिए जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया अत्यन्त सरल बनाने के निर्देश दिए हैं।

सीएस ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भारत सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्कूल में दाखिला लेने, विधवा पेंशन प्राप्त करने, जीवन बीमा की राशि प्राप्त करने आदि के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जिसे प्राप्त करने के लिए कभी-कभी परिवार जालसाजों के झांसे में आकर मोटी धनराशि के बदले जाली प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेते हैं। मुख्य सचिव ने आम जनता से भी अपील की है कि जनता इस प्रकार के जालसाजों से सचेत रहे तथा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपने क्षेत्र के रजिस्ट्रार से ही संपर्क करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीकरण के फर्जी मामलों की रोकथाम तथा आम जनता हेतु पंजीकरण प्रक्रिया को सरल एवं सुदृढ़ बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक नया सुदृढ़ पोर्टल लांच कर दिया गया है। इसके माध्यम से परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल पर अपनी आईडी बनाकर परिवार में होने वाले जन्म या मृत्यु के पंजीकरण के लिए घर बैठे ही आवेदन कर सकता है। इसके लिए उसे केवल एक ईमेल एवं एक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। आवेदन पश्चात आवेदक किसी भी समय अपने आवेदन की स्थिति को भी देख सकता है। सम्बंधित रजिस्ट्रार द्वारा आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों से संतुष्ट होने पर आवेदन को स्वीकार कर लिया जाता है तथा डिजिटल प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। बैठक में प्रमुख सचिव, सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनगणना निदेशक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर की कवायद तेज

हरिद्वार। हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर पर जमीनी कार्यों के लिए कवायद शुरू हो गई है। राज्य सरकार की कंसलटेंसी एजेंसी कॉरिडोर से संबंधित विकास कार्यों को शुरू करने से पहले स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से सुझाव ले रही है, जिसमें उन्हें न सिर्फ कॉरिडोर के तहत होने वाले निर्माण से अवगत कराया जा रहा है, बल्कि सुझाव के क्रिय्यान्वयन का भरोसा भी दिया जा रहा है। नगर निगम सभागार में सोमवार को कंसलटेंसी एजेंसी के अधिकारियों ने हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर को लेकर व्यापारियों से चर्चा की। मौजूदा सुविधाओं और कमियों से अवगत कराते हुए भावी योजना की जानकारी दी। जिसमें पर्व–त्योहारों पर गंगा घाटों और संपर्क मार्गों के साथ ही पार्किंग और अन्य सुविधाएं विकसित करने का प्लान बताया गया। व्यापारियों ने कॉरिडोर का स्वागत करते हुए कई अहम सुझाव कंसलटेंसी एजेंसी को दिए।

### जल संकट के बीच आतिशी का चौथे दिन अनशन जारी

नई दिल्ली ,राजधानी दिल्ली में जारी जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। सोमवार को उनके अनशन का चौथा दिन है। रोजाना उनके स्वास्थ्य की जांच हो रही है। जिसमें डॉक्टर के मुताबिक धीरे–धीरे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए उनका ये अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली का सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली का अपना कोई पानी नहीं है। हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली का 100 एमजीडी अर्थात 46 करोड़ लीटर से ज़्यादा पानी रोक रखा है। यह एक दिन में 28 लाख से ज़्यादा लोगों के काम आता है। 46 करोड़ लीटर पानी की वजह से ही दिल्ली में कई इलाकों में पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है।

**प्रोटेम स्पीकर को लेकर पक्ष–विपक्ष में टकराव**

## इंडिया गठबंधन ने संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया,राहुल का वायनाड से इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली ,राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। सोमवार को 18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र प्रारंभ होने पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने यह जानकारी दी।इसके साथ ही 18वीं लोकसभा के शुरुआती सत्र में ही विपक्ष ने अपना विरोध जताया है। विपक्ष का यह विरोध प्रोटेम स्पीकर को लेकर है। लोकसभा के लिए भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब प्रोटेम स्पीकर बनाए गए हैं। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने इस पर अपनी आपत्ति दर्ज की है। इंडिया ब्लॉक का कहना है कि यह संसदीय परंपरा के खिलाफ लिया गया निर्णय है। कांग्रेस का कहना है कोडिकुन्निल सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था, उनकी वरिष्ठता नजरअंदाज की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोडने़ की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि प्रावधान संविधान की धाराओं का उल्लंघन किया गया है। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा संविधान का उल्लंघन किया गया है। जिस तरह से प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति की गई है वह संवैधानिक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है और पहले की परंपराओं का भी स्पष्ट उल्लंघन है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को 18वीं लोकसभा के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।

## पेपर लीक कराने वाले गैंग्स का सेंटर बन गया है झारखंड, दो साल में चार बड़े स्कैम आए सामने




रांची , पेपर लीक कराने वाले गैंग्स का झारखंड सेंटर बन गया है। पिछले दो सालों के भीतर झारखंड से पेपर लीक के चार बड़े स्कैम सामने आए हैं। 2024 के नीट–यूजी पेपर लीक स्कैम की जांच में झारखंड के दो दर्जन से ज्यादा लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। इसके पहले इसी साल जेएसएससी सीजीएल और बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के पर्चे भी झारखंड से लीक हुए थे।

नीट–यूजी मामले में बिहार ईओयू (इकनॉमिक ऑफेंसेज विंग) की अब तक की जांच में इस बात के प्रमाण मिल चुके हैं कि झारखंड के हजारीबाग स्थित एग्जाम सेंटर से पर्चा लीक हुआ था। पटना में इस परीक्षा के प्रश्न पत्र का जो अधजला अवशेष मिला था, उसके सीरियल कोड से खुलासा हुआ है कि यह प्रश्नपत्र हजारीबाग के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल स्थित एग्जाम सेंटर में भेजा गया था। ईओयू की टीम ने हजारीबाग पहुंचकर स्टील के उन दो ट्रंक को जब्त किया है, जिनमें यहां प्रश्नपत्र भेजे गए थे। जांच में इस बात के साक्ष्य मिले हैं कि इन ट्रंक में छेड़छाड़ किया गया था।

ट्रंक में दो अलग–अलग कुंडियां पाई गई हैं। इसके पहले शुक्रवार को ईओयू की टीम पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर से छह युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बात के भी प्रमाण मिले हैं कि लीक किए गए पेपर रांची में मेडिकल पीजी के दस स्टूडेंट ने सॉल्व किए थे और फिर उन्हें परीक्षार्थियों तक भेजा गया था। पेपर लीक करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड माने जा रहे सिकंदर यादवेंदु नामक बिहार के जिस जेई को गिरफ्तार किया गया है, उसका रांची के बरियातू हाउसिंग कॉलोनी में आलीशान मकान है। उसने लंबे समय तक रांची में रहकर मेडिकल कॉलेज सहित कई विभागों में सिविल कन्स्ट्रक्ट्रशन वर्क्स में ठेकेदारी की है। इसके पहले झारखंड में 28 जनवरी को आयोजित हुई एसएससी–सीजीएल (कंबाइंड ग्रैजुएट लेवल) परीक्षा के पेपर लीक हो गए थे।

### संविधान पर हमला स्वीकार नहीं, राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना

नई दिल्ली,नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है। इस दौरान एक खास बात ने सभी का ध्यान खींचा। विपक्ष के सभी सांसदों ने संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर शपथ ली, जबकि सत्ता पक्ष के किसी भी सांसद ने ऐसा नहीं किया। जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए इसका जवाब दिया।

## सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इन्कार

**अगली सुनवाई 26 जून को**

नईदिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है।

## संपादकीय

# इंटरनेट के चक्रचाल में भविष्य

इंटरनेट के बढ़ते हुए युग में कई ऐसी व्याधियों भी हमारे समाज में व्याप्त हो गई है जो कहीं ना कहीं नकारात्मक असर पैदा कर रही हैं। अभी हाल ही में एक समाचार काफी चर्चाओं में रहा जिसमें 16 वर्ष का बच्चा मोबाइल न मिलने पर घर छोड़कर चला गया जो दो दिन बाद पुलिस के हाथ लगा। पूछने पर उसने बताया कि उसे गेम खेलने के लिए फोन नहीं मिलता था लिहाजा वह नाराज होकर चला गया। ऐसी घटनाएं आज हर घर में हो सकती है यदि समय पर अभिभावक जागरूक न हुए। मोबाइल फोन की लत को लेकर ही हत्या का भी एक मामला प्रकाश में आया था जिसमें एक लड़के ने अपनी ही मन पर हमला बोल दिया था। मोबाइल और इंटरनेट की आसान पहुंचने जहां सुविधा उत्पन्न की हैं वहीं कई ऐसे संकट भी हमारे सामने लाकर खड़े कर दिए हैं जिनसे निपटना मुश्किल होता जा रहा है। खास तौर से बच्चों के मामले में यह समस्या अब विकराल रूप धारण कर चुकी है। समस्या यह है कि आखिर बच्चों को इस बीमारी से दूर कैसे किया जाए, जबकि प्रारंभिक शिक्षा में भी अब मोबाइल का प्रयोग आम बात हो चुकी है। यहां सबसे बड़ी भूमिका माता–पिता की है जो यह निर्धारित करें की कितना समय बच्चों को देना है और यह ध्यान रखना है कि वह मोबाइल या इंटरनेट का किस प्रकार से प्रयोग कर रहे हैं? इंटरनेट पर चलने वाले विभिन्न गेम एवं दूसरे ऐप्स बच्चों को बुरी तरह से जकड़ चुके हैं। इसके लिए कहीं ना कहीं माता–पिता भी जिम्मेदार हैं जो अपने वक्त के लिए बच्चों को मोबाइल के भरोसे छोड़ देते हैं और कब बच्चे मोबाइल इंटरनेट गेम की चपेट में आ जाते हैं पता ही नहीं चलता। भूलना नहीं चाहिए कुछ समय पूर्व एक गेमिंग एप ने तो कई बच्चों की जिंदगी तक खतरे में डाल दी थी जिस पर बाद में सरकार को इस गेम को हीन्प्रतिबंधित करना पड़ा। इंटरनेट का साम्राज्य फैलने के साथ ही बच्चे ऐसे परंपरागत खेलों से दूर हो चुके हैं जो सेहत के साथ–साथ मानसिक विकास के लिए भी काफी उपयोगी थे। आज बाहरी खेलों के नाम पर चंद खेल ही बच्चों की सूची में शामिल है जबकि गांव कस्बा में खेले जाने वाले खेल लगभग विलुप्त हो चुके हैं। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए माता–पिता की यह भूमिका बेहद अहम है कि वह मोबाइल के प्रयोग को लेकर सतर्कता बरतें और छोटे बच्चों को किसी भी सूरत में मोबाइल से दूर रखें। बच्चों की शरारतों एवं उनसे पीछा छुड़ाने के लिए मोबाइल थामना समाधान नहीं बल्कि एक बड़ी समस्या है जिसका आभास यदि समय पर हो जाए तो न केवल माता–पिता के लिए बल्कि बच्चों एवं समाज के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होगा।

# विपक्ष नदारद था

**अजय तिवारी**

**बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने जब सोनिया गांधी का परिवार गया होगा तब अन्य बातों के साथ विदेशी मेहमान ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से उनके सरकार के साथ रिश्तों पर भी बात की होगी। विपक्ष का कहना है कि उसे शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित ही नहीं किया गया था। विपक्ष के सांसदों की भी ऐसे ही शिकायत थी। विपक्ष सच बोल रहा है अथवा झूठ यह तो वह जानता है या फिर सरकार। हालांकि यह भी सच है कि विपक्ष के आरोपों का सरकार ने कोई खंडन नहीं किया। सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को शपथ ग्रहण समारोह के आमंतण्रपत्र पार्टी दफ्तर से लेने में कोई दिक्कत नहीं आई। यहां यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जो राज्य सभा में विपक्ष के भी नेता हैं सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। बेमन से राष्ट्रपति भवन पहुंचे खरगे ने कहा कि वह संवैधानिक बाध्यता की वजह से यहां हैं, अपनी खुशी से नहीं। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करके उनको बधाई दी अथवा नहीं, इसकी जानकारी दोनों नेताओं ने नहीं दी। सरकार बनने के बाद शिष्टाचारवश भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता नहीं मिले। विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी सरकार को बधाई देने में संकोच किया। पुरानी परंपराएं टूटने लगी है। संसदीय कार्य मंत्री और वरिष्ठ मंत्रियों ने सबसे बड़े विपक्षी दल के नेताओं से भी मुलाकात नहीं की।**

नौ जून को सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विदेशी मेहमान (पड़ोसी देशों के प्रमुख), फिल्मी मेहमान, कारोबारी मेहमान सब थे, लेकिन देश का विपक्ष नदारद था। राष्ट्रपति भवन के मैदान में हुए बड़े जलसे में देश–विदेश से 8000 से ज्यादा मेहमान बुलाए गए थे।

विपक्ष को सम्मानपूर्वक आमंत्रित नहीं किया गया, इसलिए वहां देश की प्रमुख नेता सोनिया गांधी और शरद पवार नहीं दिखे। वाम राजनीति के बड़े चेहरे सीताराम येचुरी और डी राजा भी नहीं थे। जम्मू कश्मीर के बड़े नेता फारुख अब्दुल्ला और लोक सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी नहीं पहुंचे।न पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन नजर आए। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखिवंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अनुपस्थिति भी खल रही थी। ये सभी देश के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करते हैं। विदेशी मेहमान विपक्षी नेताओं से भी परिचित हैं, इसलिए स्वाभाविक है उनके मन में भी यह सवाल आया होगा कि देश की सरकार बनने जैसे खास मौके पर विपक्ष क्यों उपस्थित नहीं रहा? इसे किस तरह से लिया होगा कहने की जरूरत नहीं है।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने जब सोनिया गांधी का परिवार गया होगा तब अन्य बातों के साथ विदेशी मेहमान ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से उनके सरकार के साथ रिश्तों पर भी बात की होगी। विपक्ष का कहना है कि उसे शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित ही नहीं किया गया था। विपक्ष के सांसदों की भी ऐसे ही शिकायत थी। विपक्ष सच बोल रहा है अथवा झूठ यह तो वह जानता है या फिर सरकार। हालांकि यह भी सच है कि विपक्ष के आरोपों का सरकार ने कोई खंडन नहीं किया। सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को शपथ ग्रहण समारोह के आमंतण्रपत्र पार्टी दफ्तर से लेने में कोई दिक्कत नहीं आई।

यहां यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जो राज्य सभा में विपक्ष के भी नेता हैं सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। बेमन से राष्ट्रपति भवन पहुंचे खरगे ने कहा कि वह संवैधानिक बाध्यता की वजह से यहां हैं, अपनी खुशी से नहीं। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करके उनको बधाई दी अथवा नहीं, इसकी जानकारी दोनों नेताओं ने नहीं दी। सरकार बनने के बाद शिष्टाचारवश भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता नहीं मिले। विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी सरकार को बधाई देने में संकोच किया। पुरानी परंपराएं टूटने लगी है। संसदीय कार्य मंत्री और वरिष्ठ मंत्रियों ने सबसे बड़े विपक्षी दल के नेताओं से भी मुलाकात नहीं की।

संसद के भीतर कानून सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों को मिलकर बनाना है इसलिए उनके बीच दुआ–सलाम तो हर हाल में बनी ही रहनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रिश्तों में खिंचाव का असर गठबंधन सरकार और संसद पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। नई लोक सभा के अध्यक्ष का 26 जून को चुनाव होना है। लोक सभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुनवाने के लिए सरकार को विपक्ष की मदद की जरूरत होगी। चूंकि दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं है इसलिए इसमें कठिनाई जाएगी। विपक्ष दो ही स्थिति में सरकार को सहयोग कर सकता है। या तो सरकार विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद देने का प्रस्ताव करे अथवा ऐसे सांसद को लोक सभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाए जो सर्वमान्य हो।कारपोरेट नहीं कोऑपरेटिव वाली गठबंधन सरकार जिन क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाना चाहती है उनमें से एक क्षेत्र है सहकारिता। इसके जरिए सरकार यह धारणा भी बनाना चाहती है कि वह कारपोरेट को नहीं कोऑपरेटिव (सहकारिता) को बढ़ावा दे रही है। सरकार प्रायः सभी क्षेत्र कोऑपरेटिव के लिए खोलना चाहती है। पेट्रोल पम्प और दवाओं की बिक्री जैसे उपक्रम पिछले कार्यकाल में उसने कोऑपरेटिव संस्थाओं को दिए थे। सरकार कोऑपरेटिव संस्थाओं में दशकों से जमे नेताओं को भी हिलाना चाहती है। इसीलिए कोऑपरेटिव संस्थाओं में चुनाव के लिए चुनाव आयोग जैसी संस्था बनाने का प्रस्ताव है। सरकार पहले ही सारी कोऑपरेटिव संस्थाओं का डेटा तैयार करवा चुकी है, संस्थाओं को कंप्यूटराइजेशन के लिए भी सख्ती से बाध्य किया गया है। सहकारिता मंत्रालय गृह मंत्री अमित शाह के पास होने से कोऑपरेटिव की सारी बड़ी संस्थाएं चाहे वह अमूल हो या इफको सब सहयोग कर रही हैं।

कृषि क्षेत्र सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है क्योंकि किसानों का विश्वास सरकार पर नहीं है। सरकार ने पुराने वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए उसके लिए इस क्षेत्र में कोई सुधारवादी कदम उठाना बेहद मुश्किल होगा। किसानों की सबसे बड़ी मांग एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य) कानूनी गारंटी को लेकर सरकार के पास कोई ठोस जवाब नहीं है। पंजाब में चल रहा किसान आंदोलन फिर गति पकडऩे लगा है। किसान संगठन सक्रिय हो गए हैं। पंजाब में किसानों का बड़ा वर्ग कंगना को किसान विरोधी मानता है। इधर, तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने किसान नेताओं को फोन करके कहा है कि वह आंदोलन का समर्थन करती हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के पांच सांसद भी पंजाब में किसानों के धरना स्थल पर भेजे। अगले महीने जुलाई में किसान नेता दिल्ली में सांसदों से मिलेंगे और आंदोलन के लिए आगामी कार्यक्रम बनाएंगे।

सरकार की चुनाव में सबसे ज्यादा आलोचना बेरोजगारी की वजह से भी हुई। इस मुद्दे पर सरकार चलाने वाली भाजपा और उसके सहयोगी कोई जवाब नहीं दे सके। नए कार्यकाल में भी उसके समक्ष रोजगार देने की चुनौती है। पिछले कार्यकाल में सरकार ने हर बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) के सदस्यों की संख्या के आधार पर रोजगार के मोर्चे पर अपना बचाव किया लेकिन विफल रही।

# पाठों में बदलाव साकारात्मक नजरिया

**प्रमोद भार्गव**

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद् की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरुआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह ह्यराम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं। एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोडऩा भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रमणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय ह्यराखीगढ़ी मैनह्न के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ह्यईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है।

इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध–पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वशांणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली–राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग–अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर–कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन–कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था ह्यसेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही आर्य थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरू किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार आर्य शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया।

# उम्मीदवारों का चयन सही साबित हुए

**रजनीश कपूर**

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।ह्न इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह ह्यअबकी बार 400 पारह्न के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका। ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊसे होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का ह्यअहंकारह्न की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई।जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकर्ताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वषों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे।इसी के चलते भी कार्यकर्ताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे–चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और ह्यइंडियाह्न गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदशर्न बढिय़ा रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं।

इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है।सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह ह्यएम–वाईह्न फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दशर्क दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा।

# बॉक्स ऑफिस पर जारी है मुंज्या की तबाही, कारोबार 70 करोड़ के हुई पार

अभय वर्मा और शरवरी वाघ इन दिनों सातवें आसमान पर हैं. इसकी वजह भी है दरअसल इन दोनों की लेटेस्ट रिलीज हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाई हुई है. इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना ज्यादा बिजनेस कर लिया है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर पकड़ अब भी मजबूत बनी हुई है.

चलिए यहां जानते हैं मुंज्या ने रिलीज के 15वें दिन कितना कलेक्शन किया है? मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर वो कर दिखाया है जो इस साल रिलीज हुई कई बड़ी फिल्में नहीं कर पाई. ना तो इस फिल्म में कोई बड़ी स्टार कास्ट है और ना ही ये भारीभरकम बजट में बनाई गई है. लेकिन मुंज्या की कहानी में बड़ा दम है जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया है. इसी वजह से मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है और कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन्ह्न के सामने भी ये फिल्म धड़ल्ले से करोड़ों का कारोबार कर रही है. ह्यमुंज्याह्न अब रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है. मुंज्या के कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 4 करोड़ से खाता खोला था और इस फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.3 करोड़ रुपये रहा. दूसरे हफ्ते में इस फिल्म ने 32.65 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में है और इसके थर्ड फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मुंज्या ने रिलीज के तीसरे शुक्रवार यानी 15वें दिन 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ ह्यमुंज्याह्न का 15 दिनों का कुल कलेक्शन अब 70.70 करोड़ रुपये हो गया है.

मुंज्या को रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो चुके हैं और ये तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है लेकिन इसकी कमाई की रफ्तार में कोई कमी नहीं आ रही. 40 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है. ह्यमुंज्याह्न की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस इतना दमदार है कि इसके अब 100 करोड़ के क्लब में एंट्री करने के पूरे चांसेस लग रहे हैं. अब देखने वाली बात होगी कि मुंज्या इस आंकड़े को कब पार करती है.आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित, ह्यमुंज्याह्न एक हॉरर कॉमेडी है जो भारतीय लोककथाओं से प्रेरित है. इस फिल्म में अभय वर्मा, शरवरी वाघ, मोना सिंह, सत्यराज, सुहासिनी जोशी और तरनजोत सिंह ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म स्त्री, रूही और भेडिय़ा के बाद दिनेश विजान की मैडॉक के सुपरनेचुरल यूनिवर्स की चौथी फिल्म है.

## भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, दिग्गज क्रिकेटर ने कर दिया बड़ा दावा

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होगा। टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच खेला जाएगा। इसमें 7 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। इन सात देशों में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। भारतीय टीम चैंपियंस ट्राफी के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं इस पर अभी विवाद है। इस बीच दिग्गज पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने उम्मीद जताई है कि भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट की बेहतरी के लिए यह जरूरी है।

हमारे पास बेहतरीन सुविधाएं

आईएएनएस से बातचीत में अकरम ने कहा, "मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आएगी। पूरा देश सभी टीमों के स्वागत का इंतजार कर रहा है।

# 'हिटमैन' के सामने थर–थर कांपे खौफनाक गेंदबाज मिचेल स्टार्क

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 51वें मुकाबले में आज भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से हो रहा है। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रह इस मैच में कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाज करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में विराट कोहली पवेलियन लौट गए। फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली का खाता तक नहीं खुला।इसके बाद कंगारू टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने पहला ओवर किया।

इस ओवर में रोहित शर्मा का कहर देखने को मिला। कंगारू गेंदबाज को आड़े हाथों लिया और इस ओवर में 29 रन कूट दिए। इस दौरान भारतीय कप्तान ने 4 छक्के और 1 चौका लगाया। रोहित ने 19 गेंदें पर अर्धशतक लगाया। टी20 इंटरनेशनल में यह रोहित शर्मा का सबसे तेज अर्धशतक है। इसके साथ ही रोहित टी20 विश्व कप में तीसरे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले युवराज सिंह ने 2007 में 12 गेंदों पर और 2021 में केएल राहुल ने 18 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

# चिरंजीवी विश्वंभरा में एक्टर कुणाल कपूर भी हुए शामिल

मेगा स्टार चिरंजीवी की फैंटेसी एडवेंचर फिल्म विश्वंभरा काफी चर्चाओं में हैं। फिल्म को लेकर अक्सर नए–नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस कड़ी में फिल्म के कलाकारों में एक और नाम जुड़ा है।मेकर्स ने नाम का खुलासा करते हुए बताया कि मशहूर एक्टर कुणाल कपूर इस फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। उन्हें इस फिल्म के अहम किरदार को निभाने के लिए साइन किया गया है। यह फिल्म संक्रांति 2025 पर रिलीज होने वाली है। कलाकारों में त्रिशा कृष्णन और आशिका रंगनाथ भी शामिल हैं। इंस्टाग्राम पर कुणाल ने लिखा, इस फिल्म में मैं चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड हूं। एक ऐसे व्यक्ति के साथ स्क्रीन शेयर करने का अवसर मिला है, जिसका मैं बचपन से ही बहुत बड़ा फैन रहा हूं। विक्रम, वामसी और प्रमोद की प्रशंसित तिकड़ी और यूवी क्रिएशंस के बैनर तले निर्मित विश्वंभर में ऑस्कर विजेता संगीतकार एम.एम. कीरवानी का संगीत होगा।हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। इसमें चिरंजीवी का लुक भी सामने आया, जो एक्शन सीक्वेंस से बताया जा रहा है। फोटो में वह रेड कलर की शर्ट और जीन्स पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में चेन, एक हाथ में घड़ी और आंखों पर काला चश्मा लगाया है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस को पॉपुलर स्टंट कोरियोग्राफर की जोड़ी राम–लक्ष्मण कोरियोग्राफ कर रहे हैं। खबर है कि इस एक्शन सीक्वेंस के लिए मेकर्स ने 3 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। विश्वंभरा 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। बात करें अगर कुणाल कपूर की, तो वो एक्टर के साथ–साथ बिजनेसमैन भी हैं। वह टॉप क्राउड–फंडिंग प्लेटफॉर्म केटो के को–फाउंडर हैं। उन्होंने 2012 में बिजनेस पार्टनर जहीर अडेनवाला और वरुण सेठ के साथ मिलकर केटो की स्थापना की थी। कुणाल के पिता किशोर कपूर बिजनेसमैन और मां सिंगर थीं। उन्होंने कम उम्र में ही एक्टर बनने का सपना देखा। इसके लिए उन्होंने एक्टिंग स्कूल में एडमिशन लिया और नसीरुद्दीन शाह के थिएटर ग्रुप मोटले से भी शामिल हुए।

## थलापति विजय के फिल्म गोट का एक्शन फुल टीजर रिलीज

साउथ सिनेमा स्टार विजय थलापति के 50वें बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को अपनी नई फिल्म गोट से नया तोहफा दिया है. थलापति विजय की फिल्म गोट मौजूदा साल में ही रिलीज होगी और अपने बर्थडे के मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को खाली हाथ नहीं जाने दिया है. एक्टर ने अपनी फिल्म गोट से अपना एक्शन और स्टंटफुल टीजर शेयर किया है. इस टीजर में थलापति विजय का डबल रोल दिख रहा है, जिसे देखने के बाद विजय के फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं हैं. इस टीजर की शुरुआत ही एक्शन से होती है और विजय के पीछे कुछ बाइकर्स और कार मैन पड़े हैं और विजय अपनी ही धुन में बाइक को एक्शन में दौड़ा रहे हैं.

# युवराज सिंह के चेले की हुई टीम इंडिया में एंट्री, जिम्बाब्वे में चमकेगा सितारा

नई दिल्ली। भारतीय टीम को अगले महीने जिम्बाब्वे का दौरा करना है। इस दौरे पर टीम इंडिया को पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस दौर के लिए बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने सोमवार को टीम का एलान कर दिया है। इस टीम में युवा खिलाड़ियों पर ही भरोसा दिखाया गया है।

टीम की कप्तानी शुभमन गिल को दी गई है। गिल के दोस्त और युवराज सिंह को अपना गुरू मानने वाले खिलाड़ी को भी इस टीम में चुना गया है। ये खिलाड़ी है अभिषेक शर्मा। अभिषेक पंजाब से खेलते हैं और युवराज सिंह को अपनी सफलता का श्रेय देते आए हैं। कई बार अभिषेक ने ये कबूल किया है कि युवराज सिंह उन्हें काफी कुछ सिखाते हैं। युवराज सिंह भी अभिषेक के प्रदर्शन पर पोस्ट करते रहते हैं और उनके खराब खेलने पर सोशल मीडिया पर ही उनकी लताड़ लग

## एक नजर

### कांग्रेस ने की पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** कांग्रेस ने देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर देवप्रयाग से पायल गांव तक क्षतिग्रस्त रोड को ठीक करवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि जल्द मोटर मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस ने इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

सोमवार को एडीएम को ज्ञापन देते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र बिजल्वाण, पूर्व दर्जाधारी राज्य मंत्री सरिता नेगी ने कहा कि इस मार्ग पर रेलवे प्रोजेक्ट पर काम कर रही एलएनटी कंपनी के वाहनों के चलने से देवप्रयाग से पायल गांव डंपिंग जोन तक पौड़ी-देवप्रयाग मोटर मार्ग 12 किलोमीटर के लगभग क्षतिग्रस्त हो रखा है। कहा कि पौड़ी नगर सहित इससे जुड़े क्षेत्र के लोगों के लिए देहरादून जाने का यह रास्ता है लेकिन पिछले लंबे समय से मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है। इस मौके पर कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट, जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, शिवप्रसाद रतूड़ी, मनमोहन सिंह डेनियल, विजय दर्शन बिष्ट, उपेंद्र रावत आदि शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने किया सड़क का विरोध, दोबारा सर्वे कराने की मांग

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के भादकी गदेरे से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग निर्माण का दिखोलगांव और धारकोट के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध करते हुए सड़क का अन्यत्र स्थान से सर्वे करने की मांग की है। कहा कि भादकी गदेरे में उनके पैतृक जलस्रोत इससे क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। पहले ही पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में जनहित को देखते हुए सड़क दूसरे स्थान से बनाई जाए। सोमवार को दिखोलगांव और धारकोट के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मिलकर समस्या बताई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री सुरम तोपवाल, धारकोट के प्रधान निवेदति पंवार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि भादकी गदेरे से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग का सर्वे दोबारा किया जाए। भदाकी नामे तोक के झरने से तीन गांवों को पेयजल आपूर्ति होती है। लेकिन लोनिवि चंबा ने यहां पेयजल स्रोत के ऊपर से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग का सर्वे किया है। (एजेंसी)

### विक्टोरिया क्रॉस दरवान सिंह नेगी को दी श्रद्धांजलि

चमोली : देश के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस दरवान सिंह नेगी की 74वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव कफारतीर में सोमवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वीसी दरवान सिंह नेगी वार मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों तथा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने वीसी दरवानसिंह नेगी के स्मारक पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके शौर्य, और असाधारण पराक्रम को याद किया। प्रथम विश्व युद्ध 1914 में फ्रांस के मोर्चे पर जर्मन सेना के विरुद्ध असाधारण वीरता के लिए नायक दरवान सिंह नेगी को ब्रिटेन के राजा ने 5 दिसंबर 1914 को युद्ध के मैदान में स्वयं आकर विक्टोरिया क्रॉस से विभूषित किया। 24 जून 1950 को वीसी दरवान सिंह नेगी ने अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली। सोमवार को उनकी पुण्यतिथि पर वार मेमोरियल फाउंडेशन ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष लखपत सिंह नेगी, सचिव गंभीर नेगी, पूर्व सैनिक सतपाल नेगी,हयात सिंह नेगी, भूपेंद्र सिंह मेहरा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

### पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग

चमोली : एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत गैरसैंण प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ब्लॉक परिसर में नारेबाजी की। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत रघुवीर लाल के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाते हुए हरिद्वार जनपद के साथ ही पंचायतों को चुनाव करने की मांग की है। ऐसा न करने पर 1 जुलाई से धरना और प्रर्दशन करने की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख शशि सोरियाल, ज्येष्ठ प्रमुख प्रभावती देवी, ब्लॉक प्रधान संगठन अध्यक्ष पान सिंह नेगी, प्रधान संगठन प्रदेश सचिव गोर्वधन प्रसाद, क्षेपस मोहन लाल शाह, प्रधान मुकेश कंडारी, लीलाधर जोशी, जिपंस अवतार सिंह पुण्डीर सहित दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नहीं बनी सुरक्षा दीवार, शासन-प्रशासन पर फूटा गुस्सा

### ध्रुवपुर के लोगों ने तहसील में पहुंचकर किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पूर्व में आश्वासन के बाद भी सुखरौ नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं होने पर ध्रुवपुर के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए जल्द बाढ़ सुरक्षा योजना बनाने की मांग की है। कहा कि जन हित को देखते हुए वन विभाग से चैकडैम बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना चाहिए।

सोमवार को ध्रुवपुर के वाशिंदों ने तहसील में पहुंचकर प्रदर्शन किया। वार्डवासियों ने बताया कि सुखरौ नदी के पुल से चार सौ मीटर उत्तरी क्षेत्र व तीन सौ मीटर दक्षिणी क्षेत्र में लगातार नदी से कटाव हो रहा है। जिसके कारण ध्रुवपुर, सिम्मलचौड़, नयागांव व बलभद्रपुर में बरसात के दौरान जानमाल का खतरा बना हुआ है। गत वर्षाकाल में भी क्षेत्र को नदी से भारी नुकसान झेलना पड़ा। सुखरो नदी अपने मूल स्थान से आबादी की ओर बहने लगी है। पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष व विभागीय अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया था। लेकिन, इसके बाद भी बाढ़ से बचाव का कार्य नहीं किया गया। कहा कि क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत बताकर अधिकारी अपना पल्ला झाड रहे हैं। ऐसे में यदि जल्द बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं करवाए गए तो आबादी को जान-माल का नुकसान होगा। समस्या के संबंध में लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस मौके पर रमेश बिष्ट, विजय पाल सिंह नेगी, संजय सिंह पंवार, राकेश सिंह, गोपाल दास, संतोष भारद्वाज, संजय कुमार, अनीता देवी, हेमा देवी आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार तहसील पहुंचे ध्रुवपुर के लोग

### पुलिस ने हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ की कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** कोटद्वार पुलिस ने भाबर क्षेत्र के अंतर्गत कलालघाटी के धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर नशे का सेवन कर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर चालानी कार्रवाई की है।उपनिरीक्षक दीपक सिंह पंवार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं पर्यटक स्थलों पर मादक पदार्थों का सेवन करके हुड़दंग एवं अमर्यादित आचरण करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस क्रम में सोमवार को थाना कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कलालघाटी क्षेत्रान्तर्गत धार्मिक व पर्यटक स्थलों पर नशे का सेवन कर हुड़दंग करने वाले 10 व्यक्तियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए सभी को मर्यादा में रहने की हिदायत दी गई। साथ ही शराब पीकर वाहन चला रहे 06 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वाहनों को सीज कर दिया गया। वहीं चालकों के डीएल के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

# सांसद को भेजा पत्र, समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मेडिकल कॉलेज निर्माण सहित शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने सांसद अनिल बलूनी को पत्र भेजा। बताया कि समस्याओं के निराकरण के लिए योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।

समस्याओं के संबंध में समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से सांसद को पत्र भेजा। बताया कि राज्य गठन के दशकों बाद भी कोटद्वार विकास को तरस रहा हैं। शहर की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है।

लेकिन, आज भी शहरवासियों को जिले से संबंधित कार्यों के लिए पौड़ी की दौड़ लगानी पड़ती है। ऐसे में यदि कोटद्वार को जिला बनाया जाता है तो शहरवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। पूर्व में जनप्रतिनिधि कई बार केंद्रीय विद्यालय की घोषणा कर चुके हैं। लेकिन, अब तक यह योजना धरातल पर रंग नहीं ला पाई है। कहा कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्रियों से चर्चा कर केंद्रीय विद्यालय के सपने को साकार किया जाना चाहिए। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में आधुनिक बस अड्डे के नाम पर खोदा गया गड्ढा आज भी यथास्थिति पड़ा हुआ है।

एक बड़ी भूमि को इस तरह गड्ढे के रूप में तब्दील करने से क्षेत्र में व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं। इस स्थान पर बस अड्डे का निर्माण करवाया जाता है तो इससे शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

पूर्व सैनिकों ने सांसद से कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण करवाने, गाड़ीघाट में आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने व कण्वाश्रम के बेहतर विकास की भी मांग उठाई।

# पुलिया का निर्माण नहीं होने पर भड़के रतनपुर वासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व में आश्वासन के बाद भी ब्रहेड़ास्त्रोत गदेरे में पुलिया का निर्माण नहीं होने पर रतनपुर के लोगों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण इस वर्ष भी वर्षाकाल में वह अपने घरों में कैद होकर रह जाएंगे। लोगों ने जल्द पुलिया निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार को रतनपुर में बैठक का आयोजन किया गया। वार्डवासियों ने कहा कि बहेड़ा स्त्रोत के आसपास रहने वाले परिवारों के आवागमन के लिए वर्ष 2012-13 में गदेरे पर पुलिया का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, वर्ष 2016-17 में आपदा के कारण बहेड़ा स्त्रोत पुलिया टूट गई थी। जिसे कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वर्षाकाल में गदेरा उफान पर आने से परिवार अपने घरों में ही कैद होकर रह जाते हैं। स्थानीय लोग पिछले कई वर्षों से पुलिया निर्माण की मांग उठा रहे हैं। कुछ माह पूर्व शासन-प्रशासन की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण भी किया था। लेकिन, अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। बताया कि यदि जल्द पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वार्डवासी आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर वामदेव, खलील अहमद, दलवीर सिंह, सिद्धांत अमवाल, दुर्गा देवी, सावित्री देवी, सुमन देवी, अयान, बीर सिंह, रंजन प्रसाद, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

### कार्यकारणी का हुआ गठन आनदंमणी बने उपाध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर पंचायत सतपुली के व्यापार मंडल की प्रबंधकीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में आनंदमणी बलूनी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक में जिला संगठन मंत्री मनीष खुगशाल ने बताया कि कार्यकारिणी में उप कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सिंह रावत उर्फ जैकी भाई, उपसचिव मौ. आलम, प्रचार मंत्री डब्बल सिंह मियां को बनाया गया है। गिरिराज माहेश्वरी, पवन गुप्ता, सोमेश शर्मा, मनोज चंद, संदीप डबराल, कमलेश डुकलान, चंद्रमोहन उर्फ बबलू को कार्यकारिणी में बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही व्यापारियों के आईडी कार्ड भी बनवाए जाएंगे। साथ ही बाहर से आने वाले व्यवसाईयों से टैक्स वसूला जाएगा। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेंद्र नेगी, पवन गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, राकेश कुमार, जायेद आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बरसे मेघा, गर्मी व उमस से मिली राहत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में भीषण गर्मी व उमस झेल रहे लोगों को सोमवार दोपहर हुई बारिश से काफी राहत मिली। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लिया। बारिश के बाद पूरे दिन आसमान में बादल छाए हुए थे।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी व उमस ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया था। चिलचिलाती धूप व उमस के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के बाद झमाझम बारिश होने लगी। करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश के बाद भी पूरे दिन बारिश चलती रही। रूक-रूक कर हो रही बारिश से आमजन को काफी उमस व गर्मी से काफी राहत मिली। लोगों ने घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लिया। वहीं, बारिश के कारण कुछ जगह पानी भी एकत्र हुआ। बरसात से पूर्व नालियों की सफाई न होने के कारण ऐसी स्थिति देखने को मिली। आमजन का कहना था कि बरसात से पूर्व शहर में नालियों की सफाई करवाई जानी चाहिए थी। लेकिन, नगर निगम ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में बरसात होने पर शहरवासियों को जलभराव की स्थिति से जूझना पड़ सकता है।

कोटद्वार में बारिश के दौरान छाता लेकर चलते राहगीर

# बच्चों को बताया ब्रह्माकुमारी का इतिहास

आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती का 59वां अव्यक्त दिवस मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में जगदंबा सरस्वती के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही बच्चों को संस्था के इतिहास के बारे में बताया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित सुख शांति भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मीनू खान व सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति की ओर से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वक्ताओं ने जगदंबा सरस्वती के जीवन के बारे में बताया। मीनू खान ने कहा कि संस्था सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। केंद्र में दिव्य शांति की अनुभूति होती है। इस अवसर पर सेवा केंद्र व उससे संबंधित पाठशालाओं के बच्चों को संस्था के इतिहास से संबंधित फिल्म भी दिखाई गई।

### सात पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी गढ़वाल में अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी अवैध शराब की तस्करी बेखौफ की जा रही है। कोतवाली पुलिस पौड़ी ने रविवार देर शाम को सात पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को पिनानी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़ी गई शराब का बाजारी मूल्य करीब 40 हजार रूपये आंका गया है। पौड़ी कोतवाली के प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पाबौ चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिनानी निवासी चंद्रशेखर से 7 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। मामले में आरोपी के खिलाफ कोतवाली पौड़ी में आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी पौड़ी ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कामों संलिप्त है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान को लगातार जारी रखेगी। पुलिस टीम में एसएसआई हेमकांत सेमवाल, चौकी प्रभारी नवीन पुरोहित, बारू शर्मा, कपिल चौधरी, कुलदीप शामिल रहे।

# डी-श्रेणी में अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय ठेकेदार संघ ने डी-श्रेणी में अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त करने की मांग की है। कहा कि छोटे ठेकेदारों को भी बेहतर कार्य मिल सकें इसके लिए योजना तैयारी की जानी चाहिए।

सोमवार को संघ की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि पलायन रोकने में छोटे ठेकेदार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन, आज छोटे-छोटे कार्यों को बंद कर बड़ी निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। जिससे छोटे ठेकेदार पलायन को मजबूर हो रहे हैं। पंजीकरण व्यवस्था को पूर्ण की भांति ही रखा जाना चाहिए। साथ ही डी-श्रेणी में अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता को समाप्त किया जाना चाहिए। सी-श्रेणी में एई व जेई की अनिवार्यता समाप्त की जाएगी। अतिरिक्त रॉयल्टी को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। समय वृद्धिका अधिकारी पूर्ववत रखा जाना चाहिए। आपदा व वार्षिक अनुरक्षण कार्यों के लंबित भुगतान शीघ्र किए जाएं, आपदा के कार्यों में किसी भी अप्रिय घटना या सामग्री के नुकसान के लिए ठेकेदार को मुआवजा दिया जाना चाहिए। साथ ही बिना लिखित आदेश के आपदा कार्यों को प्रारंभ न किया जाएं और कार्य प्रारंभ के 36 घंटे में अनुबंध गठित किया जाए। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह नेगी, किशोर लखेड़ा, भाष्कर बड़थ्वाल, जयप्रकाश रावत, विनोद रावत, मोहन सिंह नेगी, विनयपाल नेगी, हरीश कुमार, संजय खंतवाल, दीपक जखमोला, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस ने कलक्ट्रेट के समीप केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

सोमवार को प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि होनहार छात्रों के हितों पर सरकार कुठाराघात कर रही है। कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में हो रहे घोटालों और पेपर लीक के मामलों से स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार के संरक्षण में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश भंडारी, सरिता नेगी यशोदा नेगी नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत आदि शामिल रहे।

# अफसर जिला योजना के प्रस्तावों को गंभीरता से लें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला योजना के सदस्यों के प्रस्तावों को गंभीरता से लें तथा जिस सदस्य के प्रस्तावों पर कार्य होता है तो संबंधित सदस्य का भी अनिवार्य रूप से बोर्ड पर नाम अंकित करें। डीएम ने सदस्यों से आग्रह किया कि जिला योजना के कार्यों को त्वरित गति से व गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने में अपना मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला योजना की इस वित्तीय वर्ष की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विकास कार्यों और आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट तथा किस क्षेत्र के लिए किस मद में धनराशि दी जानी है पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी वर्ष में पेयजल की दिक्कत न हो इसके लिए पेयजल की योजनाओं में अधिक धनराशि देने पर सहमति व्यक्त की गई। इसके साथ ही मानक के अनुसार कृषि, शिक्षा, स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों के प्रस्तावों को ध्यानपूर्वक सुना और उचित अनुमोदन करने के संबंध में कहा। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है और बजट का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिले के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में विधायक लैंसडौन मंहत दिलीप सिंह रावत, पौड़ी राजकुमार पोरी और विधायक यमकेश्वर रेनू बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रचना बुटोला, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला पंचायत सदस्य गौरव रावत, ब्लॉक प्रमुख पौड़ी दीपक खुगशाल, जयहरीखाल दीपक भंडारी, द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा, पोखड़ा प्रीति देवी, कोट पूर्णिमा नेगी, नैनीडांडा प्रशांत कुमार सहित अन्य सदस्यगण व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गर्मी से मिली राहत, वन विभाग ने ली राहत की सांस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज सुबह से ही बदला रहा।

मुख्यालय पौड़ी सहित बीरोंखाल, एकेश्वर, नैनीडांडा आदि इलाकों में हल्की बारिश ने जहां भीषण गर्मी से कुछ राहत दे दी, वहीं वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। हालांकि गर्मी कम हो जाने से की वजह से पानी की डिमांड में कुछ कमी आई है। इस बारिश का पेयजल योजनाओं के स्त्रोतों पर डिस्चार्ज पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। पौड़ी शहर को पानी सप्लाई करने वाली नानघाट पेयजल योजना का भी डिस्चार्ज अभी कम ही है। इस योजना पर भीषण गर्मी की वजह से करीब 36 एलपीएम पानी कम हो गया था।

2 एमएलडी के बजाए इन दिनों योजना से करीब डेढ़ एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है। जिसके कारण शहर में भी पानी का संकट है। वहीं दूसरी ओर बीरोंखाल ब्लाक में भी पेयजल संकट है। सोमवार को भी यहां जल संस्थान ने जोगीमढ़ी और वेदीखाल क्षेत्रों में टैंकरों से पानी दिया। जल संस्थान के अफसरों के मुताबिक हल्की बारिश ने पानी की डिमांड कुछ कम जरूर कर दी। पिछले दो महीने से जल संस्थान बीरोंखाल क्षेत्र में टैंकर से पानी दे रहा है। जलसंस्थान के एसई पीके सैनी ने बताया कि पेयजल योजनाओं पर पानी का डिस्चार्ज पर इस बारिश का कोई असर अभी तक नहीं है। इसके लिए बारिश तेज चाहिए अभी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई है। हालांकि गर्मी कम हो जाने से डिमांड में कुछ कमी आई है।

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर ने नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में धांधली होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कीर्तिनगर बाजार में सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के महासचिव रामलाल नौटियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहित देश के अन्य राज्यों में लगतार पेपर लीक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिस कारण प्रतियोगी परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं में निराशा का माहौल बना हुआ है। नीट के साथ-साथ यूजीसी नेट पेपर लीक मामला भी सामने आया है। परन्तु अभी तक सरकार द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई हैं। मौके पर दीपक थपलियाल और अर्जुन गोदियाल ने कहा कि 2 करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने के झूठे वादे से सत्ता में आई नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार पिछले 10 वर्षों में एक भी प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्षता और पवित्रता के साथ नहीं करा पाई। इस मौके पर रोशन सेमवाल राजेन्द्र रावत, सूरवीर महर, बंटी राणा, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम ने सुनी समस्याएं

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कुल 37 शिकायतें दर्ज हुई। उन्होंने अधिकारियों को समय से समस्याएं हल कर आवेदनकर्ताओं को भी सूचित करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सौड़ जड़ीपानी निवासी जयवीर नेगी ने जबरन उनकी भूमि को नापने और जानमाल का खतरा होने की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम टिहरी को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट मांगी। ग्राम कांडा की सरमती देवी ने मां की मृत्यु के बाद ग्राम फैगुल की भूमि का दाखिल खारिज उनके और बहनों के नाम करवाने की मांग पर एसडीएम को नियमानुसार प्रकरण हल करने को कहा।

### एक राज्य एक पंचायत चुनाव की उठाई मांग

नई टिहरी : जिला प्रधान संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव लागू करने की मांग की है। जिला प्रधान संगठन ने ज्ञापन में बताया है कि उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है। जबकि पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली कमेटी ने देश में एक देश एक चुनाव पर अपनी सिफारिश पेश कर दी है। जिसका सभी पंचायत प्रतिनिधि स्वागत करते हैं। बताया कि दो साल के कोविड काल में पंचायतों को न बजट मिला, न कार्य करने का मौका। जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए और पंचायत प्रतिनिधि अपनी भावनाओं के अनुरूप कार्य भी नहीं कर पाए। कोविड को देखते हुए दो साल का कार्यकाल पंचायत कार्यकाल से न जोड़ा जाय।


**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से एवं उनके लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबंद खुले आवेदन आमंत्रित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन.आई.टी.सं. | No. NR-MB-OMED(INSP)/1/2024 dated : 21/06/2024 |
| 2 | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर विभिन्न पैथोलोजिकल, इमेजिंग तथा स्पेशल जांबो के लिये मुरादाबाद मंडल (Health unit area Jharipani, Dehradun, Haridwar, Laksar, Nazibabad, Hapur, Chandausi, Bareilly, Shahajahanpur, Rosa & Balamau) के अधिकार क्षेत्र में स्थित प्राइवेट डायग्नोस्टिक लैब एवं इमेजिंग सेंटर/इंस्टीटयूशनस् को एक वर्ष की अवधि के लिए सी.जी.एच.एस. दरों पर (जो दरें संबंधित क्षेत्र पर लागू हो) इंपैनलमेंट करने के लिये आवेदन आमंत्रित करते है। |
| 3 | अनुमानित लागत | इस स्तर पर आवश्यकता नहीं |
| 4 | इंपैनलमेंट अवधि | एक वर्ष |
| 5 | आवेदन प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि | दि0 22/06/2024 से 21/07/2024 को 15 बजे तक एवं खुलने की अंतिम तिथि व समय दि0 21/07/2024 को 15:30 बजे। अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर। |
| 6 | कार्यालय का पता एवं तिथि जहां प्रपत्र उपलब्ध करने के होंगे | कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ0रे0, मंडल रेलवे चिकित्सालय मुरादाबाद में दि0 22/06/2024 से 21/07/2024 समय 15 बजे तक। |
| 7 | वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उ0रे0 की वेबसाइट www.nr.indianrailway.gov.in पर देखी जा सकती है। |
| 8 | आवेदन प्रपत्र का मूल्य नकद/डाक द्वारा | कुछ नही। |

1885/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने को जुटे ग्राम प्रधान

देहरादून। ग्राम प्रधान संगठन ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय रायपुर में प्रदर्शन किया। प्रधान संगठन पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग कर रहा है। सोमवार को ग्राम प्रधान संगठन ने पंचायतों का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। देहरादून के रायपुर विकास खंड के ग्राम प्रधानों ने भी ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन करने के साथ ही बैठक की। बैठक में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया और खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। बैठक में प्रधान संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र मेलवान, ग्राम प्रधान रेखा बहुगुणा, रविंद्र सिंह, राखी पंवार, उषा देवी, नितिन रावत, हंसो देवी, शिवानी कंडारी, सुनीता देवी, आरती खन्ना, बबीता तिवारी, नीलम कोटवाल, अमरदेव भट्ट, सरोजनी ज्वाड़ी, संजना कठैत, शर्मिला रावत, नरेंद्र ज्वाड़ी समेत अन्य मौजूद रहे।

### बैडमिंटन में वैभव सिंह और आकांक्षित अव्वल

देहरादून। देवभूमि स्पोर्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन सोसायटी की डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर–15 आयु वर्ग में वैभव खंडूरी और अंडर–17 में आकांक्षित ने जीत दर्ज की। परेड ग्राउंड की मल्टीपरपज हॉल में सोमवार को विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। अंडर–15 आयु वर्ग का पहला मुकाबला वैभव खंडूरी और अक्ष कुमार के बीच खेला गया। इसमें वैभव 15–07, 15–06 के सीधे सेटों में विजेता रहे। इसी प्रकार सिद्धार्थ शर्मा ने शिवांश तोपवाल को 15–4, 19–11, अभिषेक ने सक्षम रावत को 15–13, 15–11, गुरलिव सिंह ने संतोष उनियाल को 15–02, 15–01, राघव ने अद्विक को 15–13, 15–08, अंश ने शौर्य श्रीवास्तव को 15–08, 15, 6 के अंतर से शिकस्त दी। अंडर–17 आयु वर्ग में गुरलिव सिंह ने अभिषेक अधिकारी को 15–06, 15–11, शिवांश नेगी ने आदित्य रौथाण को 15–11, 15–13, 15–07, दर्शिल ने शौर्य सिंह को 16–14, 15–11, प्रशांत ने प्रांजल को 15–03, 15–07 के अंतर से पराजित किया।

### उत्तराखंड और ओडिशा का दबदबा कायम

देहरादून। 40 प्लस नेशनल एपीएफए गोल्ड कप चैंपियनशिप में सोमवार को उत्तराखंड और ओडीशा की टीम ने जीत के साथ दबदबा कायम रखा। क्लेमनटाउन के तिब्बतन स्कूल फुटबाल ग्राउंड पर मैच खेले गए। पहला मैच पोंटा चोशुम एफसी हिमाचल और ढूंडूलीप लिजेंड एफसी देहरादून के मध्य हुआ। इसमें देहरादून ने 5–0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में डेकलिंग एससी उत्तराखंड ने क्लेमनटाउन लिजेंड देहरादून को 2–1 के अंतर से पराजित किया। वहीं, तीसरे मैच में पोटाला इलेवन ओडिशा, गेंगचुपा एफसी दिल्ली के खिलाफ 8–3 के अंतर से विजयी रहा। मौके पर कैप्टन धीरज थापा, विमल सिंह रावत, सत्य प्रकाश जोशी, राहुल कैंतुरा, प्रवीन रावत, दोर्जी, हर्षित चौहान, वरुण चौहान, हिमांशु प्रजापति, सुरेंद्र रावत आदि मौजूद थे।

### मसूरी में पांच शख्सियतों को सम्मानित किया

देहरादून। मसूरी प्रेस क्लब की ओर से पालिका सभागार में स्मारिका लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में जय प्रकाश उत्तराखंडी, स्वास्थ्य सेवा में मोहन सिंह खत्री, समाज सेवा में ग्राम प्रधान क्यारकुली भट्टा कौशल्या रावत, शिक्षा के क्षेत्र में मनोज रयाल, खेल के क्षेत्र में सेमुअल चंद्र को मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री जोशी के अलावा पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, ओपी उनियाल, एसडीएम डा. दीपक सैनी, मसूरी प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील सिलवाल एवं महासचिव सूरत सिंह रावत ने विचार रखे।

### लंढौर में हुई मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति की बैठक

देहरादून। मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति की बैठक सोमवार को लंढौर में हुई। इसमें समीर रैना को सचिव और सुनील पंवार को समिति का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति अध्यक्ष सुरेंद्र राणा की अध्यक्षता में आयोजित की बैठक में कार्यकारिणी में बदलाव को लेकर चर्चा हुई। मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव सेमुअल चंद्र और कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने निजी कारणों की वजह से अपने पदों से दायित्व मुक्त करने का प्रस्ताव रखा। जिसे कार्यकरणी से स्वीकार किया।

# जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम में छाई रही सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 26 शिकायतें दर्ज की गई। सबसे ज्यादा समस्याएं पेयजल से संबंधित दर्ज की गई। दर्ज की गई समस्याओं में 12 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कमसाल ममता देवी ने गांव में बीते 3 वर्षों से ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति न होने की शिकायत दर्ज की। कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद ट्रांसफार्मर न बदलने से बार-बार विद्युत बाधित होने की समस्या से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसिर प्रधान कविता देवी ने बरसिर से डेढ़ किमी. गांव को सड़क से जोड़े जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। लस्या की सरिता देवी ने बताया कि विगत दिनों हुई अतिवृष्टि से उनका आवास क्षतिग्रस्त हो गया। नगरासू की रेखा देवी ने रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि का उचित प्रतिकर न दिए जाने की शिकायत दर्ज की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं उनका निराकरण त्वरित गति से करें। इसमें किसी भी दशा में कोई विलंब न किया जाए। उन्होंने कई समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण कर अधिकतर समस्याओं के संबंध में दो एवं तीन दिन के भीतर कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से जानकारी जिला कार्यालय एवं संबंधित शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराने को कहा। इसमें किसी भी प्रकार से कोई ढिलाई न बरती जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, परियोजना निदेशक विमल कुमार, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, जखोली भगत सिंह फोनिया, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, महाप्रबंधक जिला उद्योग महेश प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, सैनिक कल्याण अधिकारी यू.एस रावत, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कर्नाटक, परियोजना अधिकारी उरेड़ा राहुल पंत, शिकायत प्रकोष्ट प्रभारी विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## तीन चरणों में होगा प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का मिलान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : बद्रीनाथ विधानसभा उप निर्वाचन को निष्पक्ष ढंग से संपादित किए जाने को लेकर बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टरों का तीन चरणों में मिलान किया जाएगा। पहला 26 जून को, दूसरा 04 जुलाई व तीसरा 08 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

आरओ बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने बद्रीनाथ विधानसभा के चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को निर्धारित तिथियों को निर्वाचन व्यय रजिस्टर मूल रूप में व निर्वाचन व्यय से संबंधित वाउचर, बैंक खाता स्वयं या अपने अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय संबंधित लेखा प्रस्तुत न करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार ङ्कहोगा।

## 27 जून को होगी बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : आरओ बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर 27 जून को प्रेक्षक की अध्यक्षता में बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों के साथ बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को 27 जून को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय सभागार में स्वयं या अपने मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होने को कहा है।

## बदरीनाथ उप चुनाव : निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन हुआ रद्द

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। उप चुनाव के लिए पांच नामांकन पत्रों में से निर्दलीय प्रत्याशी बच्चीराम उनियाल का शपथ पत्र पूर्ण न किए जाने के चलते नामांकन रद्द किया गया। जबकि चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। नामांकन वापस लेने के लिए अंतिम तिथि 26 जून है।बदरीनाथ विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर राजकुमार पांडेय ने बताया कि उप चुनाव के लिए पांच प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी बच्चीराम उनियाल की ओर से प्रारूप 26 पर दिया गया शपथ पत्र अपूर्ण पाया गया। जिसके लिए प्रत्याशी को संवीक्षा से पूर्व नोटिस कार्यालय की ओर से निर्मित किया गया था। लेकिन प्रत्याशी की ओर से शपथ पत्र पूर्ण न किए जाने के चलते नामांकन रद्द कर दिया गया है। भाजपा के प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी, कांग्रेस के लखपत बुटोला, सैनिक समाज पार्टी के हिम्मत सिंह नेगी और निर्दलीय प्रत्याशी नवल खाली के नामांकन पत्र सही पाए गए।

## परियोजना के निर्माण कार्यो को तेजी से पूरा करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसीलों से समन्वय बनाकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें और परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए परियोजना के कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने रेल विकास निगम को वन विभाग के सहयोग से रेलवे स्टेशन विस्तारीकरण के लिए प्रस्तावित गैर वन भूमि में शीघ्र वृक्षारोपण कार्य कराने के निर्देश दिए। एसडीएम को बीआरओ द्वारा जोशीमठ के मारवाड़ी में भूमि अधिग्रहण, भारत माला परियोजना के अंतर्गत जोशीमठ-मलारी मोटर विस्तारीकरण हेतु प्रस्ताव को भूमि राशि पोटर्ल पर अपलोड करने और जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग के पैकेज-2 में भूमि अधिग्रहण में प्रभावित होने वाले भूमि एवं भवनों का लोक निर्माण एवं राजस्व विभाग से शीघ्र संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने एनएचआईडीसीएल को तहसील से समन्वय स्थापित करते हुए कमेडा से हेलंग के मध्य 20 भूस्खलन क्षेत्र, 11 सिकिंग क्षेत्र का उपचार कार्य और 02 सेतु निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र शुरू करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, बीआरओ के मेजर प्रतीक काले, मेजर आदित्य, रेल विकास निगम के प्रभारी अधिकारी एमएस बिष्ट, डीजीएम एनएचआईडीसीएल सुशील वर्मा सहित वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी मौजूद थे।

## महाराज ने किये ओल्ड लिपुलेख पास से कैलाश के दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज प्रदेश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने जनपद पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड लिपुलेख पास की 18000 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर कैलाश के दर्शन कर उत्तराखंड आने वाले शिव भक्तों को संदेश दिया है कि देवाधिदेव महादेव के निवास कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए अब उन्हें चीन जाने की आवश्यकता नहीं है। अब वह उत्तराखंड में आकर भी कैलाश के भव्य और दिव्य दर्शन कर सकते हैं।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण के तहत धारचूला, गुंजी नाभीढांग (ओम पर्वत) होते हुए सोमवार को जोलिंगकोंग पहुंचकर ओल्ड लिपुलेख पास की चोटी पर पहुंच कर देवाधिदेव महादेव भगवान शिव के निवास कैलाश के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत भी मौजूद रहीं।

श्री महाराज ने कहा कि 2019 से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने के कारण शिव भक्त कैलाश पर्वत के दर्शन नहीं कर पा रहे थे। इसलिए सरकार ने तय किया कि वह ओल्ड लिपू पास से उन्हें कैलाश के दर्शन करवायेंगी। ओल्ड लिपुलेख पास की पहाड़ी के ऊपर से पवित्र कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शनों के दौरान श्री महाराज के साथ भारतीय सेना, आईटीबीपी और पुलिस के कई जवान भी मौजूद थे।

### डीएम ने जल संस्थान से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

नई टिहरी : जल जीवन मिशन योजनाओं के तहत प्रतापनगर के ओण और रैण पट्टी में 27 गांवों की पेयजल योजना में जल संस्थान पर कई गांवों में फर्जी भुगतान का आरोप लगाते हुए प्रधानों ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिस पर डीएम ने एसई जल संस्थान को स्वयं जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के कड़े निर्देश दिए। सोमवार को प्रतापनगर ब्लाक के भेलुंता के प्रधान दिनेश जोशी, चौंधार प्रधान बिरखोधर, ग्वाड़ प्रधान नीरज रावत, प्रधान खोलगढ़ बल्ला चंद्रमोहन आर्य, नकोट प्रधान विजेंद्र सिंह और गजेंद्र रावत ने डीएम मयूर दीक्षित को मिलकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया गया कि प्रतापनगर पंपिंग योजना के तहत सरकार की चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के तहत नई पेयजल लाईन बिछाये जाने के मामले में कई ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान किया गया है। (एजेंसी)

## नेशनल इंटर स्टेट चैंपियनशिप के लिए 20 एथलीट चुने

देहरादून। पंचकूला में 27 से 30 जून तक प्रस्तावित 63वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 20 एथलीट और चार ऑफिशियल हिस्सा लेंगे। एथलीटों में 16 पुरुष और 04 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ की सिलेक्शन कमेटी ने किया है। निर्णय लिया गया था कि 08, 09 जून को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में हुई उत्तराखंड स्टेट सीनियर एथलेटिक्स मीट और 2023– 24 में जिन खिलाड़ियों ने देश या विदेश में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मानकों को पूरा किया हो, उनका चयन प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। खिलाड़ियों के साथ जाने वाले ऑफिशियल में संघ के सचिव केजेएस कलसी को टीम मैनेजर, नीरज शर्मा, लोकेश कुमार, हेमराज सिंह को टीम कोच के रूप में शामिल किया गया है। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ ने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की है।

### पर्यावरण विरोधी अफसरों को राजधानी से हटाया जाए

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन ने चीफ टाउन प्लानर को हटाने और दिलाराम चौक से सीएम आवास तक सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ कटान पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही सरकार से दून में जमे पर्यावरण विरोधी अफसरों को हटाने की भी मांग की है। संगठन के सचिव सुशील त्यागी की ओर इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा गया है। इसमें उन्होंने सुझाव दिया है कि सरकार को दूनवासी पर्यावरण प्रेमीजनों के साथ जनसंवाद भी करना चाहिए,

## प्रधान संगठन ने पंचायत कार्यकाल बढ़ाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : एक देश एक चुनाव की भावनाओं को फलीभूत करते हुए एक राज्य पंचायत चुनाव उत्तराखंड में लागू किए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है, बीते कुछ दिनों पहले त्रिस्तरीय प्रदेश संगठन के दायित्वधारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है।

इसी क्रम में पौड़ी जिले के विकासखंड कल्जीखाल के प्रधान संगठन ने सहायक खंड विकास अधिकारी कल्जीखाल भीम सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा है। भेजे गए ज्ञापन में प्रधान संगठन ने उल्लेख किया है कि उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आगामी कुछ महीनों में प्रस्तावित है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक देश एक चुनाव पर कमेटी गठित की गई थी।

इस पहल पर उत्तराखंड के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने इसका स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि हम लम्बे समय से यह मांग करते आ रहे हैं कि एक राज्य एक पंचायत चुनाव उत्तराखंड में एक साथ होने चाहिए। कोरोना महामारी में दो वर्षों तक कार्यकाल ठप रहा है, कोई बजट तक नहीं आया है, यहां तक कि पंचायतो की बैठक तक नहीं हो पाई है, जिससे दो साल विकास कार्य प्रभावित रहे हैं। संगठन ने कहा कि यदि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार आपस में समन्वय स्थापित नहीं करती है और निर्णय नहीं लेती है तो 01 जुलाई 2024 को 12 जनपदों के मुख्यालयों में त्रिस्तरीय पंचायत के 70 हजार प्रतिनिधि अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंग, जिसके लिए उत्तराखंड सरकार जिम्मेदार रहेगी। इस अवसर पर प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह, उपाध्यक्ष विरेंद्र लाल प्रधान मिरचौडा, संयोजक मदन सिंह रावत प्रधान धारी, सचिव राकेश कुमार प्रधान थापला आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने नीट मामले को लेकर किया प्रदर्शन

नई टिहरी : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने सोमवार को नीट और यूजीसी नेट परीक्षा पेपर लीक मामले में रोष जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार पर लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल के गेट पर जिलाध्यक्ष उत्तमसिंह असवाल के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट की अगुवाई में कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड सहित देश के अन्य राज्यों में लगातार पेपर लीक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिस कारण प्रतियोगी परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं में निराशा का माहौल बना हुआ है। नीट के साथ ही यूजीसी नेट पेपर लीक मामला भी सामने आया है। परन्तु अभी तक मोदी सरकार ने कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि यह पूरा मामला मोदी की सरकार के इशारे पर हुआ है। नीट एवं यूजीसी नेट पेपर लीक होने से गरीब और मेहनत करने वाले बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ केन्द्र सरकार ने सीधा खिलवाड़ किया हैं। जिसे कांग्रेस पार्टी सहन नहीं करेगी। निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता परीक्षाएं कराने में लगातार असफल रही केंद्र सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। कहा कि एनटीए (राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसी) प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्षता एवं पवित्रता के साथ कराने में असफल रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष आईटी सेल आशीष पंवार, डॉ. जितेंद्र उनियाल, पूर्णानंद रतूड़ी, यशपाल चौहान, राजेंद्र भंडारी, राजेंद्र सिंह रावत, रंभा लाल, भगवान दास, सुमित, कृष्णा, ध्रुव नारायण, सूबेदार रूकम सिंह, दिनेश आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## संघर्ष समिति की चेतावनी के बाद जागा प्रशासन

नई टिहरी : सोमवार को अस्पताल उच्चीकरण को लेकर क्षेत्रीय पटवारी और कानूनगो ने साथ मिलकर भूमि की नाप की। जिसमें कि अस्पताल उच्चीकरण के लिए मानकों से अधिक जमीन निकली। बीते रविवार को स्थानीय लोगों ने अस्पताल उच्चीकरण को लेकर संघर्ष समिति का गठन कर आंदोलन की चेतावनी दी थी। पीएचसी पिलखी के उच्चीकरण को लेकर प्रशासन की ओर से सोमवार को भूमि की नाप की गई। उच्चीकरण के लिए तय 20 नाली मानक के सापेक्ष अस्पताल के कब्जे सहित कुल भूमि 28 नाली आंकी। वहीं स्थानीय ग्रामीण नत्थीलाल शाह और रोशन लाल ने समिति को अस्पताल उच्चीकरण में भूमि कमी पड़ने पर अपनी भूमि दान देने की बात कही। समिति के अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने बताया कि अस्पताल उच्चीकरण के लिए पर्याप्त भूमि है। अब सरकार को बिना देरी किए कार्य शुरू करवाना चाहिए। (एजेंसी)

### फुटबॉल में दिल्ली और असम की शानदार जीत

देहरादून। अंडर–17 नेशनल आईपीएस सी सुब्रतो मुखर्जी इंटरनेशनल क्वालीफाई फुटबाल चैंपियनशिप में दिल्ली और असम ने अपने–अपने मुकाबले जीते। सेलाकुई वर्ल्ड स्कूल के फुटबाल ग्राउंड में सोमवार को चार मुकाबले खेले गए।

पहला मैच मॉडर्न स्कूल बाराखम्बा दिल्ली और द डेली स्कूल इंदौर मध्यप्रदेश के बीच खेला गया। इसमें दिल्ली ने 4–0 के अंतर से जीत दर्ज की। दिल्ली की तरफ से ऋषभ नेगी ने तीन गोल और आयुष ने एक गोल किया। दूसरा मैच बीके बिरला स्कूल पुणे महाराष्ट्र और द हैदराबाद पब्लिक स्कूल आंध्र प्रदेश के बीच 0–0 की बराबरी पर छूटा। आखिरी पलों तक दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रहीं।

## सहकारी समितियों की एसआईटी जांच के आदेश

देहरादून। प्रदेश में उन सभी सहकारी समितियों की एसआईटी जांच होगी, जिनमें वित्तीय अनियमितता की शिकायतें सामने आई हैं। सोमवार को सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने एसआईटी जांच के आदेश दिए। साफ किया कि समितियों के वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को भी किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ समय से सहकारी समितियों में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही थी। प्राथमिक स्तर पर कराई गई जांच में गड़बड़ियों की पुष्टि भी हुई। इसी के बाद विस्तृत जांच का आदेश दिया गया है। जांच के दायरे में प्रदेश भर की कई समितियां आएंगी। पहले चरण में जांच के लिए कुछ समितियों को चुना गया है। अभी तक सहकारी समितियों का पूरा हिसाब किताब कम्प्यूटर की बजाय मैनुवल खातों में ही संचालित होता था। पहली बार केंद्र सरकार की योजना के तहत सभी सहकारी समितियों का कम्पयूटरीकरण किया गया। सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन होते ही गड़बड़ियां पकड़ में आने लगी। अब इन सभी समितियों की एसआईटी जांच के आदेश होते ही अफसरों से लेकर समितियों से जुड़े जनप्रतिनिधियों में खलबली मच गई है।

**अफसरों से होगी गबन की वसूली, जांच बढ़ेगी**

सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि जांच में समितियों के वित्तीय लेनदेन में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को भी दोषी पाया गया है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com